संख्या- 188/2025/274 के-2/22-3-2024-17(520)/2024

प्रेषक,

शिव गोपाल सिंह,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3 लखनऊ दिनांक 05 जून, 2025

विषय:- केन्द्रीय कारागार, वाराणसी में निरूद्ध सिद्धदोष बंदी रामगोपाल उर्फ गुड्डू पुत्र श्री महावीर, निवासी जनपद-लखनऊ की फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उप महानिरीक्षक, (मु0) कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या-25376/प्रोवेशन-3-फार्म-ए/(एम-13.08.2024) दिनांक-16.08.2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार केन्द्रीय कारागार, वाराणसी में निरूद्ध सिद्धदोष बंदी रामगोपाल उर्फ गुड्डू पुत्र श्री महावीर, जो ग्राम-500/84, कुतुबपुर डालीगंज, थाना-हसनगंज, जनपद-लखनऊ का निवासी है। घर पर जबरदस्ती कब्जा करने को लेकर बन्दी ने दिनांक 25.04.2010 को अपने 05 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर श्रीमती दुर्गा के ऊपर मिट्टी का तेल डाल कर आग लगा दी। इलाज के दौरान दिनांक 01-05-2010 को श्रीमती दुर्गा की मृत्यु हो गयी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण सं0-1042/2010 के अन्तर्गत भा0द0वि0 की धारा-302/34, 147 में मा० अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश, (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) कोर्ट संख्या-06, लखनऊ के आदेश दिनांक 24.10.2018 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया। मा0 उच्च न्यायालय, लखनऊ खण्डपीठ लखनऊ के आदेश दिनांक 24.11.2022 द्वारा बन्दी की अपील निर्णीत करते हुए आजीवन कारावास की सजा को यथावत रखा गया। जेल रिपोर्ट के अनुसार दिनांक 12.06.2024 तक बंदी की आयु 54 वर्ष, 01 माह, 19 दिन है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस उपायुक्त एवं जिला मजिस्ट्रेट, लखनऊ द्वारा मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में बन्दी का अपराध समाज को व्यापक रूप से प्रभावित करने, बंदी आपराधिक मानसिकता का व्यक्ति होने एवं पुनः अपराध करने से इंकार नहीं किये जाने, पुनः अपराध करने में अशक्त नहीं होने, जेल में और आगे निरूद्ध रखे जाने का सार्थक प्रयोजन होने, बंदी के समयपूर्व रिहाई से पुनः अपराध में शामिल होने से इंकार नहीं किये जाने का अंकन करते हुए बंदी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि घर पर जबरदस्ती कब्जा करने को लेकर बन्दी ने दिनांक 25.04.2010 को अपने 05 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर श्रीमती दुर्गा के ऊपर मिट्टी का तेल डाल कर आग लगा दी। इलाज के दौरान दिनांक 01-05-2010 को श्रीमती दुर्गा की मृत्यु हो जाने का

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

जघन्य अपराध कारित किया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस उपायुक्त एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी रामगोपाल उर्फ गुड्डू पुत्र श्री महावीर को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

3- अतः उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि केन्द्रीय कारागार, वाराणसी में निरूद्ध सिद्धदोष बंदी रामगोपाल उर्फ गुड्डू (बंदी संख्या-408/2023) पुत्र श्री महावीर, निवासी जनपद-लखनऊ के फार्म-ए/लाईसेंस पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्यक् विचारोपरान्त उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति राज्यपाल महोदया द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार उसके फार्म-ए पर शासन के आदेश अंकित करके एतद्द्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

<u>संलग्नकः यथोपरि।</u>

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,
शिव गोपाल सिंह
संयुक्त सचिव।

<u>संख्या व दिनांक तदैव।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
2- निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 राज्यमंत्री जी के सूचनार्थ।
3- जिला मजिस्ट्रेट, लखनऊ।
4- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, वाराणसी।
5- नोडल अधिकारी/अधीक्षक, जिला कारागार, गाजियाबाद को मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में योजित विशेष अनुज्ञा याचिका (क्रिमि0) संख्या-529/2021 सोनाधर बनाम छत्तीसगढ़ राज्य तथा सुओ मोटो रिट पिटीशन (क्रिमि0) संख्या-04/2021 पॉलिसी स्ट्रेट्जी फार ग्रान्ट ऑफ बेल में पारित आदेश दिनांक 10.09.2024 के सन्दर्भ में।
6- कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2, उ0प्र0 शासन।
7- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
अनीस अख्तर अंसारी
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

शासनादेश संख्या- 188/2025/274 के-2/22-3-2024-17(520)/2024

दिनांक 05 जून, 2025 का संलग्नक

सरकार के आदेश

केन्द्रीय कारागार, वाराणसी में निरूद्ध सिद्धदोष बंदी रामगोपाल उर्फ गुड्डू पुत्र श्री महावीर, जो ग्राम-500/84, कुतुबपुर डालीगंज, थाना-हसनगंज, जनपद-लखनऊ का निवासी है। घर पर जबरदस्ती कब्जा करने को लेकर बन्दी ने दिनांक 25.04.2010 को अपने 05 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर श्रीमती दुर्गा के ऊपर मिट्टी का तेल डाल कर आग लगा दी। इलाज के दौरान दिनांक 01-05-2010 को श्रीमती दुर्गा की मृत्यु हो गयी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण सं0-1042/2010 के अन्तर्गत भा0द0वि0 की धारा-302/34, 147 में मा० अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश, (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) कोर्ट संख्या-06, लखनऊ के आदेश दिनांक 24.10.2018 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया। मा0 उच्च न्यायालय, लखनऊ खण्डपीठ लखनऊ के आदेश दिनांक 24.11.2022 द्वारा बन्दी की अपील निर्णीत करते हुए आजीवन कारावास की सजा को यथावत रखा गया। जेल रिपोर्ट के अनुसार दिनांक 12.06.2024 तक बंदी की आयु 54 वर्ष, 01 माह, 19 दिन है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस उपायुक्त एवं जिला मजिस्ट्रेट, लखनऊ द्वारा मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में बन्दी का अपराध समाज को व्यापक रूप से प्रभावित करने, बंदी आपराधिक मानसिकता का व्यक्ति होने एवं पुनः अपराध करने से इंकार नहीं किये जाने, पुनः अपराध करने में अशक्त नहीं होने, जेल में और आगे निरूद्ध रखे जाने का सार्थक प्रयोजन होने, बंदी के समयपूर्व रिहाई से पुनः अपराध में शामिल होने से इंकार नहीं किये जाने का अंकन करते हुए बंदी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि घर पर जबरदस्ती कब्जा करने को लेकर बन्दी ने दिनांक 25.04.2010 को अपने 05 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर श्रीमती दुर्गा के ऊपर मिट्टी का तेल डाल कर आग लगा दी। इलाज के दौरान दिनांक 01-05-2010 को श्रीमती दुर्गा की मृत्यु हो जाने का जघन्य अपराध कारित किया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस उपायुक्त एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी रामगोपाल उर्फ गुड्डू पुत्र श्री महावीर को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त राज्यपाल महोदया द्वारा बंदी की फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार कर दी गयी है।

शिव गोपाल सिंह
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in